वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

अनुसंधान भवन, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

विज्ञापन संख्या आरएंडए/03/2023

रिसर्च इंटर्न के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू

साक्षात्कार की तारीख: 15 & 16.12.2023

14 डायमंड जुबली रिसर्च इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए ऐसे भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो सृजनशील हों और एस एंड टी को करियर के रूप में आगे बढ़ाने के लिए उत्साही और इच्छुक हों। इंटर्नशिप की कुल संख्या अस्थायी है और बाद की आवश्यकताओं के अनुसार यह भिन्न हो सकती है।

सीएसआईआर डायमंड जुबली रिसर्च इंटर्न अवार्ड्स योजना का उद्देश्य युवा इंटर्नों के लिए अनुसंधान की भावना को आत्मसात करना और भागीदारी और कार्य के माध्यम से अनुसंधान के उपकरणों और तकनीकों को सीखना है। इस प्रकार यह योजना युवा इंटर्नों को कुशल वैज्ञानिकों के साथ काम करके उनके ज्ञान और अनुभव से लाभ उठाने और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को करियर के रूप में अपनाने के लिए है।

भारत में प्रमुख औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संगठन सीएसआईआर की स्थापना 1942 में तत्कालीन केंद्रीय विधान सभा के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी। यह 1860 के सोसायटी अधिनियम के पंजीकरण के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है।

पात्रता:

अनिवार्य अर्हता: बीई/बी.टेक/एम.एससी स्पष्टत: सूचना प्रद्योगिकी (आईटी)/ जीव विज्ञान/ भौतिकी तथा केमिकल इंजीनियरिंग एवं मिकेनिकल इंजीनियरिंग और संबंधित क्षेत्रों में कम से कम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए। पदों तथा संबंधित क्षेत्रों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं०	क्षेत्र / विषय	अनिवार्य अर्हता
1.	आईटी	बीई/ बी.टेक/ एम.एससी (आईटी) में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए मोटे तौर पर सूचना प्रद्योगिकी (आईटी)/ कंम्पयूटर विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में।
2.	लाइफ सांइस	एम.एससी (जीव विज्ञान) में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए मोटे तौर पर लाइफ सांइसऔर संबंधित क्षेत्रों में।
3.	भौतिकी	एम.एससी (भौतिकी) में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए मोटे तौर पर भौतिकी और संबंधित क्षेत्रों में ।
4.	केमिकल इंजीनियरिंग एवं मिकेनिकल इंजिनियरिंग	बीई/ बी.टेक/ एम.एससी (केमिकल इंजीनियरिंग एवं मिकेनिकलइंजिनियरिंग) में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए स्पष्टत: केमिकल इंजीनियरिंग एवं मिकेनिकल इंजीनियरिंग और संबंधित क्षेत्रों में।

(एक पद के लिए, जनसंपर्क और कॉर्पोरेट संचार में ज्ञान रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी)

इंटर्नशिप के लिए अपेक्षा : चयनित इंटर्न से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), जीव विज्ञान, भौतिकी तथा केमिकल इंजीनियरिंग एवं मिकेनिकल इंजीनियरिंग और संबंधित मामलों के क्षेत्र में विभिन्न असाइनमेंट्स में वैज्ञानिकों की सहायता करने की अपेक्षा होगी ताकि दिए गए विषयों और संबंधित मामलों में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

आयु सीमा:

साक्षात्कार की तारीख को 25 वर्ष से अधिक नहीं हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क विकलांग/महिला उम्मीदवारों के मामले में 05 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) उम्मीदवारों के मामले में 03 वर्ष की छूट है।

<u>वृत्तिका</u> :

रु.24000/– प्रति माह समेकित। कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं है।

<u>कार्यकाल:</u>

अधिकतम 02 वर्ष की अवधि, किसी भी परिस्थिति में अवधि का विस्तार नहीं किया जाएगा कार्य निष्पादन सन्तोषजनक होना चाहिए जिसका मूल्यांकन प्रत्येक 06 महीने में किया जाएगा। इंटर्नशिप की समाप्ति/समापन के बाद इंटर्न का सीएसआईआर में आगे विस्तार, आमेलन या नियमितीकरण के लिए कोई दावा नहीं होगा। यदि प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, तो इंटर्नशिप को एक महीने के नोटिस या उसके एवज में एक महीने की वृत्तिका के साथ समाप्त कर दिया जाएगा। इंटर्नशिप अवधि के दौरान, इंटर्न नेट/गेट के लिए उपस्थित होने और पीएचडी करने के लिए नियमित फेलोशिप हासिल करने के लिए स्वतंत्र होगा।

<u>चयन की विधि:</u>

इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को सीएसआईआर विज्ञान केंद्र रिसेप्शन डेस्क पर प्रातःकाल 9 बजे रिपोर्ट करना होगा (प्रातःकाल 10 बजे के बाद उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा)। रिसर्च इंटर्न अवार्ड्स के लिए उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार में उनके समग्र प्रदर्शन पर आधारित होगा।

आवेदन कैसे करें:

सीएसआईआर की वेबसाइट से निर्धारित आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है और विधिवत भरे हुए फॉर्म साक्षात्कार के समय जमा किए जा सकते हैं।
'वॉक इन इंटरव्यू' नीचे दिए गये कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जायेंगे:

क्रम सं०	**विषय**	**'वॉक इन इंटरव्यू' के लिए दिनांक तथा समय**
1.	लाइफ सांइस तथा भौतिकी	15 दिसंबर, 2023 रिर्पोटिंग समयः 09:00 (प्रातः)
2.	सूचना प्रद्यौगिकी (आईटी)/ कंम्पयूटर विज्ञान तथा केमिकल इंजीनियरिंग एवं मिकेनिकल इंजिनियरिंग	16 दिसंबर, 2023 रिर्पोटिंग समयः 09:00 (प्रातः)

आवेदन पत्र के साथ स्व–सत्यापित फोटोग्राफ और आवेदन में उल्लिखित आयु, शैक्षिक अर्हता, अनुभव और जाति/जनजाति आदि के समर्थन में शंसापत्र/प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न होनी चाहिए। **<u>आवेदक को सत्यापन के लिए परीक्षा/साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाणपत्र/शंसापत्र भी लाने होंगे</u>।**

वॉक–इन–इंटरव्यू के लिए स्थान – **<u>सीएसआईआर विज्ञान केंद्र (गेस्ट हाउस) लोदी गार्डन गेट नंबर 2, केके बिड़ला लेन (इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एनेक्स के सामने), नई दिल्ली– 110003</u>**

साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

किसी भी रूप में पक्ष–प्रचार करने और किसी भी प्रभाव में लाने को अयोग्यता माना जाएगा।

उप सचिव (भर्ती एवं मूल्यांकन)